और राज्यों में की जा रही जांच के समन्वय के लिए एक 'सेल' बनाया गया है।

अरुणाचल प्रदेश में खनिज निक्षेप

785. श्री हीरा लाल आर० परमार :
श्री केशव राव पारधी :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अरुणाचल प्रदेश में बहुत से खनिज निक्षेप सरकार के नोटिस में आए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो कौन कौन से खनिजों का पता चला है, इन खनिजों की अनुमानित मात्रा क्या है और इन खनिजों के विभिन्न उपयोग क्या है ?

वाणिज्य तथा इस्पात और खान मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी) : (क) जी हां।

(ख) अरूणाचल प्रदेश में अब तक पाये जाने वाले मुख्य खनिज हैं --चूना-पत्थर, डोलोमाइट और कोयला। इसके अलावा ग्रेफाइट, ब्राइन और सल्फाइड के खनिजीकरण की भी जानकारी मिली है।

धमन भट्टी ग्रेड चूना पत्थर का 500 लाख टन भंडार होने का अनुमान है। चूना पत्थर एक महत्वपूर्ण औद्योगिक खनिज है जो सीमेंट बनाने के काम आता है; लोहा और इस्पात बनाने में तथा कागज, शक्कर, उर्वरक, कांच आदि अन्य अनेक बड़े उद्योगों में भी इसका इस्तेमाल होता है

अवर्गीकृत ग्रेड डोलोमाइट के 1402.60 लाख टन भंडार होने का अनुमान है। डोलोमाइट का उपयोग मुख्यत: इस्पात उद्योग में द्रावक तथा ऊष्मसह सामग्री के रूप में होता है। कांच, उर्वरक और लोह-मिश्र धातुओं आदि के निर्माण में भी डोलोमाइट का अल्प मात्रा में उपयोग होता है।

कोयले के लगभग 850 लाख टन भंडार होने का अनुमान है। कोयला देश में ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है।

अरूणाचल प्रदेश में ग्रेफाइट युक्त कुछ लाख टन चट्टानों के छोटे भंडार होने का भी अनुमान है। ग्रेफाइट का उपयोग व्यापक रूप से कड़ा इस्पात, फांउड्रीज और पेंसिल निर्माण में होता है।

ब्राइन का इस्तेमाल स्थानीय रूप से खाद्य नमक बनाने में होता है।

Smuggling of Opium to Pakistan

786. SHRI G. Y. KRISHNAN:
SHRI CHHITUBHAI GAMIT:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether large scale smuggling of opium into Pakistan has been from the Western border of Rajasthan;

(b) whether the operation has been so well perfected that only the parties involved in the illegal trade could decipher the coded marketing on the goods;

(c) whether any such type of case has been detected by our Customs Authorities;

(d) if so, the details thereof; and

(e) the steps taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SAWAI SINGH SISODIA): (a) Reports received by Government do not indicate any large scale smuggling of opium into Pakistan across the Western border of Rajasthan.